प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## महामहिम राज्यपाल द्वारा पंतनगर की पूर्व छात्रा को सम्मान

पंतनगर। 21 अप्रैल 2023। राजभवन देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड ले.ज. गुरमीत सिंह द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की पूर्व छात्रा डा. श्वेता सूरी को उनके द्वारा पीएच.डी. के दौरान किये गये उत्कृष्ट शोध कार्य हेतु सम्मानित किया गया। यह शोध डा. अनुराधा दत्ता, प्राध्यापक, फूड एंड न्यूट्रिशन विभाग की निर्देशन में किया गया था। डा. सूरी ने शोध के समय जयपुर, रूद्रपुर व खटीमा ब्लाक में तीन से छः साल तक के करीब चार सौ बच्चों में आयरन लेवल की जांच की और इस दिशा में शोध किया कि कैसे बच्चों में आयरन के स्तर को बढ़ाया जाए, जिससे बच्चे स्वस्थ रहे। उन्होंने रेडी टू इट आयरन एक्सटूडेड स्नैक्स नाम से उत्पाद तैयार किया। इसमें आंवला, मोटा अनाज व सोयाबीन शामिल है जिसे जनवरी 2022 को पेटेंट के लिए आवेदन किया। उन्होंने आयरन लेवल बढ़ाने के लिए उत्पाद में आंवला को शामिल किया है। पेटेंट मिलने के बाद इस उत्पाद को बाजार स्तर पर लोकप्रिय बनाया जाएगा जिससे कि बच्चों में आयरन लेवल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ्य रखा जाए। आशा की जाती है कि बच्चों में कुपोषण का स्तर कम किया जा सकेगा।




*महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड ले.ज. गुरमीत सिंह डा. श्वेता सूरी को सम्मानित करते हुए।*


EXIT